Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

➢ जयपुर में समयपालक 1500/– रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार।

जयपुर, 19 फरवरी बुधवार। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. चौकी जयपुर नगर प्रथम जयपुर द्वारा आज कार्यवाही करतें हुए श्री लालचंद सैनी समयपालक गैराज शाखा नगर निगम ग्रेटर मानसरोवर जोन जयपुर को 1500/– **रूपये** की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. चौकी जयपुर नगर–प्रथम जयपुर कों एक शिकायत इस आशय की मिली की परिवादी नगर निगम ग्रेटर में मानसरोवर जोन गैराज में निगम के डम्पर को संविदा चालक की हैसियत से चलाता है, गैराज शाखा में श्री लालचंद सैनी समयपालक परिवादी से नगर निगम जोन गैराज की गाड़ी चलाने की एवज में प्रतिदिन 100 रूपये के हिसाब से रिश्वत राशि की मांग कर परिवादी को परिशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी जयपुर रेंज **के उप महानिरीक्षक पुलिस–द्वितीय श्री राहुल कोटोकी** के सुपरविजन में ए.सी.बी. चौकी जयपुर नगर–प्रथम जयपुर के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री भूपेन्द्र** के नेतृत्व में **उप अधीक्षक पुलिस श्री नीरज गुरनानी** द्वारा मय टीम के ट्रैप कार्यवाही करते हुए आरोपी श्री लालचंद सैनी पुत्र श्री नाथुलाल सैनी, जाती माली उम्र 54 वर्ष निवासी मकान नः 21 हनुमानजी की बगीची के पास, मालपुरा गेट जयपुर हाल समय–पालक गैराज शाखा नगर निगम ग्रेटर मानसरोवार को परिवादी से 1500/– रूपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमति स्मिता श्रीवास्तव** के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।